राजस्थान विश्वविद्यालय की छात्रा सुश्री अवनी लखेरा का पैरा ओलंपिक के लिऐ चयन।

जयपुर– 26 अगस्त। राजस्थान विश्वविद्यालय पंचवर्षीय विधि महाविद्यालय, के बी.ए.एल.एल. बी चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अवनी लखेरा का अन्तर्राष्ट्रीय पैरा ओलम्पिक में शूंटिग टूर्नामेन्ट में चयन हुआ है। अवनी को 10 मीटर राइफल में भाग लेने हेतु एयर राईफल स्टेंडिग वुमेन (R-2) में चौथी रैंक हांसिल है। इसके अतिरिक्त 50 मी. 3–पोजीशन वूमेन (R-8) में भी विश्व में चौथी रैंक प्राप्त है।

अवनी ने (WSPS) वर्ल्ड कप 2017 में सिल्वर मेडल प्राप्त किया था। 2019 में इस विश्व कप के दौरान ओलम्पिक कोटा 50 मीटर राईफल खेल में अर्जित किया था। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. संजुला थानवी ने सुश्री अवनी के चयन को कॉलेज, राजस्थान विश्वविद्यालय व राज्य के लिए एक गौरव का विषय बताया है व उन्हे बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाऐं दी हैं।

डॉ. भूपेन्द्र सिंह शेखावत
जनसम्पर्क अधिकारी